दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 194 मुरादाबाद 11November 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## मैनपुरी में डिंपल को उतारने से पहले अखिलेश ने सजाई फील्डिंग, 2019 के नतीजों से हैं सतर्क!



मुलायम सिंह यादव की सीट रही मैनपुरी से समाजवादी पार्टी ने लोकसभा उपचुनाव में डिंपल यादव को मैदान में उतारा है। इस सीट पर यादव परिवार से ही धर्मेंद्र यादव और तेज प्रताप यादव जैसे नेताओं के नाम चर्चा में थे, लेकिन अखिलेश ने पत्नी डिंपल पर भरोसा जताया है। इस तरह नेताजी की खास विरासत को अखिलेश यादव अपने परिवार में ही बनाए रखेंगे। यही नहीं डिंपल को जीत दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी ने पूरी फील्डिंग भी सजा ली है। गुरुवार को डिंपल के टिकट का ऐलान हुआ है और उससे पहले बुधवार को पूर्व मंत्री आलोक शाक्य को मैनपुरी का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। मैनपुरी जिले में कुल 17.4 लाख मतदाता हैं और इनमें से 7 लाख की संख्या यादव वोटरों की है। दूसरे नंबर शाक्य मतदाता हैं, जिनके करीब 3 लाख वोटर हैं। इस तरह अखिलेश यादव ने यादव बिरादरी के अलावा शाक्यों को भी साधने की कोशिश की है ताकि चुनावी जीत में सेंध की कोई आशंका न रहे। इससे पहले भाजपा ने 2019 के आम चुनाव में मुलायम सिंह यादव के मुकाबले प्रेम सिंह शाक्य को उतारा था, जिन्हें 4 लाख से ज्यादा वोट मिले थे। वहीं मुलायम सिंह को 5 लाख ज्यादा मत मिले थे और जीत का अंतर 1 लाख से भी कम था। माना जाता है कि भाजपा कैंडिडेट को शाक्य वोटरों के अच्छे खासे वोट मिले थे।

### मुलायम को भाजपा ने 2019 में दी थी कड़ी टक्कर

ऐसे में इस बार किसी भी तरह से वोट न बंट पाए, इसकी कोशिश अखिलेश यादव ने पहले से ही शुरू कर दी है। 2019 के आंकड़े को देखते हुए ही कहा जा रहा था कि मुलायम सिंह यादव के गढ़ को बनाए रखना इतना आसान भी नहीं है। हालांकि इस बार सपा को सहानुभूति का वोट भी मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा शाक्य जिलाध्यक्ष के जरिए शाक्यों के बीच भी पैठ की आस है। भाजपा इस साल की शुरुआत में ही सपा की गढ़ कही जाने वाली रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा सीटों पर जीत हासिल कर चुकी है। इसलिए सपा के लिए मैनपुरी जीतना अब प्रतिष्ठा का भी सवाल है।

### कन्नौज में सुब्रत पाठक से हार गई थीं डिंपल यादव

गौरतलब है कि डिंपल यादव ने पहली बार 2012 में संसद का रुख किया था। उन्होंने लोकसभा उपचुनाव में कन्नौज सीट से जीत हासिल की थी, जिसे सीएम बनने के बाद अखिलेश यादव ने छोड़ा था। इसके बाद 2014 के आम चुनाव में भी डिंपल की जीत मिली थी, लेकिन 2019 में वह भाजपा के सुब्रत पाठक हाथों हार गई थीं। अब यदि डिंपल यादव को मैनपुरी में विजय मिलती है तो उनकी लोकसभा में तीसरी पारी होगी।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे- 9027776991

## विराट कोहली के बाद रोहित शर्मा भी भारत को नहीं दिला सके खिताब, 2014 के बाद से 7वीं बार आईसीसी इवेंट के नॉकआउट मुकाबले से बाहर हुई टीम



भारतीय क्रिकेट टीम टी20 वर्ल्ड कप के दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 10 विकेट से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान भारतीय टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया था। लेकिन सेमीफाइनल में टीम को इंग्लैंड ने एकतरफा मुकाबले में हराकर खिताब जीतने का सपना तोड़ दिया है। हालांकि 2014 के बाद सातवीं बार ऐसा हुआ है जब टीम इंडिया आईसीसी इवेंट के नॉकआउट मुकाबलों से बाहर हुई हो। टीम इंडिया 2007 में टी20 विश्व कप जीतने के बाद 2014 में इस मेगा इवेंट के फाइनल में पहुंची थी, जिसमें उसे श्रीलंका के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। 2016 में भी टीम ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था, लेकिन सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज ने टीम को हरा दिया था। यूएई में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2021 में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में हो रहे टी20 वर्ल्ड कप 2022 में भारत ने जबरदस्त वापसी की थी और सेमीफाइनल तक का सफर तय कर लिया था, लेकिन यहां इंग्लैंड ने उसे एकतरफा मुकाबले में 10 विकेट से हराया। 2014 से आईसीसी इवेंट में भारत के प्रदर्शन पर नजर डाले तो 2014 टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत को हार मुंह देखना पड़ा था। इसके अगले साल 2015 में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप में भारत को सेमीफाइनल में हार मिली थी। 2016 में हुए टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम सेमीफाइनल तक ही पहुंच सकी थी। 2017 में हुए चैंपियंस ट्रॉफी में के फाइनल में भारत हारा था। इसके बाद विराट कोहली के नेतृत्व में 2019 में वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत का खिताब जीतने का सपना टूटा था। वहीं वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2021 के फाइनल तक पहुंचने के बाद टीम खिताब जीतने से चूक गई थी और अब पहली बार आईसीसी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का नेतृत्व कर रहे रोहित शर्मा की टीम का सफर भी सेमीफाइनल में ही खत्म हो गया।गौरतलब है कि विराट कोहली के नेतृत्व में टीम टी20 वर्ल्ड कप 2021 में ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी। विराट कोहली की कप्तानी में भी आईसीसी टूर्नामेंट में टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा, लेकिन नॉकआउट में टीम को हार का सामना करना पड़ा था।

- चैंपियंस ट्रॉफी 2017 - फाइनल में हारे
- विश्व कप 2019 - सेमीफाइनल में हारे
- वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप - फाइनल में हारे
- विश्व कप 2021- ग्रुप स्टेज से हुए बाहर

## आजम खान को राहत नहीं, सजा के खिलाफ अपील खारिज, रामपुर में उप-चुनाव का रास्ता साफ




सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान को कोर्ट से राहत नहीं मिली है। रामपुर की सेशन कोर्ट ने आजम खान को मिली तीन साल की सजा के खिलाफ की गई अपील को खारिज कर दिया। इस अपील के साथ ही रामपुर उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सपा नेता आजम खान की रामपुर सदर सीट के लिए 10 नवंबर को जारी होने वाली उप-चुनाव की अधिसूचना को एक दिन के लिए रोक दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने सेशन कोर्ट को आदेश दिया था कि वो सजा के खिलाफ आजम खान की अपील पर गुरुवार यानी 10 नवंबर को सुनवाई करे और उसी दिन फैसला करे।

### क्या है मामला

आजम खान को 2019 में दर्ज भड़काऊ भाषण के एक केस में दोषी करार देते हुए एमपीएमएलए कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई थी। सजा के अगले ही दिन आजम की सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया। इसके बाद चुनाव आयोग ने रामपुर में चुनाव की घोषणा भी कर दी। इस घोषणा के बाद आजम खान सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। आजम ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि उन्हें अपील का मौका भी नहीं दिया गया और सीट रिक्त घोषित करते हुए चुनाव का ऐलान कर दिया गया। आजम की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें सेशन कोर्ट में अपील का मौका दिया था। सेशन कोर्ट को अपील पर फैसला भी देने का निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने दिया था।

# सुरजीत सिंह ने अपने दो बेटों पर लगाए गंभीर आरोप और थानाध्यक्ष खुटार से लगाई न्याय की आस

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





खुटार शाहजहांपुर-थाना खुटार के अंतर्गत ग्राम पंचायत हिटौटा में रह रहे सुरजीत सिंह ने कहा कि मेरा ईलाज लखीमपुर खीरी के खजुरिया के एक हॉस्पिटल में चल रहा था में जब वहाँ पूरी तरीके से स्वस्थ हो गया था , मेरा पुत्र राजेन्द्र, व मंजीत सिंह, व पौत्र आकाशदीप सिंह ने मुझे वहाँ से डिस्चार्ज कराके घर लाने के बहाने आल्टो कार से मुझे और मेरे तीनो पोते ,कमलजीत सिंह ,हरविंदर सिंह, व प्रभुजीत सिंह जो कि नाबालिग है जिसकी उम्र 12 वर्ष है मुझे और मेरे पोतों को गाड़ी में बैठा लिया और मुझे और मेरे तीनों पोतों को जबरन भीरा अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मुझे स्वस्थ पाया और डॉक्टरों ने मुझे भर्ती न करके घर ले जाने को कहा जहां से राजेंद सिंह , व मंजीत सिंह, व आकाशदीप सिंह ने मुझे व मेरे तीनों पोतों को झूठे मुकदमे में फंसाने की बात कहकर जबरन भीरा थाने लेकर गए जहाँ थानाध्यक्ष भीरा को जब सच्चाई पता लगी तो राजेंद सिंह, मंजीत सिंह ,व आकाशदीप सिंह की चालाकी को देखते हुए जमकर फटकार लगाई और सुरजीत सिंह को सुरक्षित घर पहुँचाने की बात कही और कहा कि जहाँ वो पहले रहते थे वहीं छोड़ने के लिए कहा उन्होंने कहा में संदीप कौर के पास 15 वर्षो से रहता हूं फिर उसके बाद मुझे व मेरे तीनो पोतों को लेकर किसी अज्ञात स्थान के लिए यह लोग रवाना हुए इसकी खोटी नियत को देखते हुए मेरे पोतों ने अपने पिता को जानकारी देते हुए बताया कि यह लोग हम लोगों को खुटार होते हुए किसी अन्य जगह पर ले जा रहे है तभी मेरे और बेटों ने रुपेंद्र सिंह, व सुरेंद्र सिंह, व दलजीत सिंह ने तिकुनिया चौराहे पर गाड़ी के आगे बाईक को लगा कर बामुश्किल मुझे व मेरे तीनों पोतों को राजेंद्र सिंह , व मंजीत सिंह, व आकाशदीप सिंह के चुंगल से बचाया और हमे घर के लिए लेकर चल दिये जैसे ही घर के करीब आया तो घर के गेट के बाहर खेत मे खड़ी, बब्ली कौर, पत्नी मंजीत सिंह,व रजवंत कौर पत्नी राजेंद्र सिंह, ज्योति कौर पत्नि हरदीप सिंह,जसबीर कौर पत्नी गुरप्रीत सिंह ग्राम पंचायत कजरा निवासी ने मुझे व मेरे बेटों को बाईक से गिरा कर मारा पीटा मेरे पसलियों में हाथ में काफी चोटें आई है और जान से मार देने की धमकी देकर चले गए सुरजीत सिंह ने थानाध्यक्ष खुटार को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है

# खुटार चेयरमैन अनुपम ने अपने कार्यकाल गंगा पार्क ,बारात घर की दी सौगात

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



खुटार शाहजहांपुर- केन्द्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार की योजनाओं को घर घर तक पहुंचाया पीएम आवास योजना से दो हजार गरीब परिवारो को छत दी, सड़को का जाल बिछाया गंदगी का लग रहता था अम्बार,नगर पंचायत का गठन हुए लगभग वर्षो हो गये लेकिन मूलभूत सुविधाओं का लाभ जनता को कम ही मिला, लेकिन इस बार अनुपम शुक्ला ने चेयरमैन पद की दूसरी बार पूर्ण कार्यकाल के लिए कुर्सी संभाली और प्रदेश की योगी व देश की मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ घर घर पहुंचा दिया चाहे वह स्वच्छ शौचालय हो, पीएम आवास हो, इंटर लॉकिंग मार्ग, नालियां, स्वच्छ जल हेतु जगह जगह वाटर प्यूर फायर, आदि तमाम कार्य को धरातल पर उतारा,नगर के दो हजार गरीब परिवारो को पीएम आवास योजनाओं का लाभ दिया, किसी समय में मोहल्ला बजरिया में पुरानी बाजार के स्थान पर गंदगी का अम्बार लगा रहता था जगह का सही इस्तेमाल करने के लिहाज से वहा गंगा पार्क व बारात घर का निर्माण स्वीकृत करा दिया जोकि उन्होने अपने ही कार्यकाल में ही बनवाकर तैयार भी करा लिया है जिसका जनता को भरपूर लाभ मिल रहा है मोहल्ले के लोगों से गंगा पार्क व बारात घर निर्माण के बारे में जानकारी ली तो लोगों कहा अनुपम शुक्ला ने बहुत बड़ी समस्या से निजात दिलाया है यहां गंदगी से निकलना मुश्किल था अब बहुत राहत हैं वही नगर में सड़को की काफी दुर्दशा थी सुप्रसिद्ध मां पंथवारी मंदिर मार्ग जो कि जर्जर अवस्था में था पीडब्लू डी विभाग से डामर रोड तथा जलभराव वाली जगह पर इंटर लॉकिंग मार्ग बनवाया।

# आज होगा बाबा खाटू श्याम का भव्य जगराता



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- आज दिन शुक्रवार को श्री बाबा खाटू श्याम का भव्य संकीर्तन खुटार नगर में मां पंथवारी मंदिर रोड टेलीफोन एक्सचेंज के पास होगा जिसमें मोहित चड्डा म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले गायक कलाकार कानपुर की रुचि किंकर,दिल्ली से शीतल पांडेय,भीरा से गोल्डी धामी खाटू श्याम बाबा के भजनों का गुणगान करेंगे, श्याम परिवार खुटार के पदाधिकारियों ने नगर व क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा है कि सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा के भजनों को सुने और पुण्य के भागी बने।

# संदिग्ध परिस्थितियो मे विवाहिता ने लगाई फांसी

प्रेमचंद जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- श्रावस्ती नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियो मे घर के कमरे मे लटकता मिला। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना मल्हीपुर के सरहदी ग्राम पंचायत ककरदरी निवासनी सायमा( 22 ) पत्नी हलीम ऊर्फ छोटककऊ का शव संदिग्ध गुरूवार को सुबह परिस्थितियो मे घर के कमरे मे लटकता मिला। दूसरे घर मे रह रहे उसके सास ससुर ने नवविवाहिता के घर से बाहर न निकलने पर घर पहुंचकर आवाज दी। लेकिन उसके न निकलने पर दरवाजे के सुराख से अन्दर झांकने पर उसका शव लटकता दिखाई दिया। जिसपर मल्हीपुर की पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनो व ग्रामीणो के अनुसार मृतका सायमा का निकाह अभी 5-6 माह पूर्व ही हुआ था। और उसका पति बाहर कमाने गया हुआ है। मृतका अपने घर मे अकेली रहती थी। उसके सास ससुर बगल के ही दूसरे घर मे रहते है।थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट मिलने पर ही मौत के कारण का पता चलेगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# घर मे अजगर निकलने से मचा हड़कम्प

प्रेमचंद जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- घर के शौचालय मे अजगर के बैठा रहने से परिजनो मे हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर अजगर को काबू मे किया। तहसील जमुनहा के सरहदी ग्राम पंचायत लालबोझा दरबेश गांव के मजरा कोदिया गांव निवासी लोरी यादव के परिजन गुरूवार की सुबह सोकर उठने पर घर के बाहर बने शौचालय मे गये थे। दरवाजा खोलने पर अन्दर विशालकाय अजगर बैठा दिखा। जिसपर परिजन चीखते चिल्लाते बाहर भाग लिया। जिसकी जानकारी मिलने पर ग्रामीणो की भीड़ लग गई। जिसकी जानकारी ग्रामीणो ने वन विभाग को दी। सूचना पर हरदत्तनगर गिरण्ट रेंज वन विभाग के दरोगा अजय कश्यप ने अपने कर्मियो के साथ मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को काबू में किया। जिससे परिजनो के साथ ही ग्रामीणो ने राहत की सांस ली।

# नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती सीतापुर नेत्र चिकित्सालय की ओर से एक दिवसीय निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन बिन्द्रा प्रसाद स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैता जानकी नगर मे आयोजित किया गया। नेत्र शिविर मे सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर कर्नल मधु भदौरिया के नेतृत्व मे लगभग 400 मरीजो की जांच की जांच की गई। जिसमे 130 मरीज आंख के आपेरशन करने वाले मिले। जिनमे से 60 मरीजो को प्राइवेट बस से सीतापुर नेत्र चिकित्सालय ले जाया गया। वही 70 मरीजो को शनिवार को ले जाया जायेगा। इस मौके पर विद्यायक इन्द्राणी वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, तेज प्रकाश पटेल, मनीराम मौर्य सहित काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने आर्यंस इण्टरनेशनल स्कूल से विधानसभा निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का किया शुभारम्भ



मुरादाबाद - विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का शुभारम्भ जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आर्यंस इण्टरनेशनल स्कूल बुद्धिविहार मुरादाबाद से किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी छात्र 01 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं से कहा कि मतदाता बनकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करायें तथा अन्य को भी इसके लिए प्रेरित करें और मतदाता बनकर अपने मताधिकार का प्रयोग भी अवश्य करें। जब मतदान के द्वारा अच्छे लोगों का चयन होगा तो देश निरन्तर विकास की ओर अग्रसर होगा। जिलाधिकारी ने कालिज के प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया और वी0एल0ओ0 का फार्म भी वितरित किए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, उपजिलाधिकारी सदर प्रशान्त तिवारी, एसीएम प्रथम परमानन्द सिंह, कालिज के प्रधानाचार्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुरेन्द्र सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग ने अर्हता दिनांक 01.01.2023 के आधार पर विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 09.11.2022 से 08.12.2022 तक , विशेष अभियान की तिथियां 12.11.2022, 20.11.2022, 26.11.2022 एवं 04.12.2022, दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 26.12.2022 तक तथा निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 05.01.2023 को होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 01.01.2023 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य दिनांक 09 नवम्बर 2022 से 08 दिसम्बर 2022 तक कराया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उक्त पुनरीक्षण के अर्न्तगत दावे/आपत्तियां प्राप्त करने के लिए दिनांक 12 नवम्बर 2022 (शनिवार) विशेष अभियान की तिथि निर्धारित की गयी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया उक्त पुनरीक्षण अवधि में 01 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी अर्ह नागरिक अथवा ऐसे अर्ह नागरिक जो जहां के निवासी है, परन्तु उनके नाम अभी तक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में सम्मिलित नही हो सके हैं, ऐसे सभी नागरिक अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें। नये मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फार्म-6, निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति हेतु तथा पूर्व में शामिल नाम को अपमार्जित करने हेतु फार्म-7 तथा निवास परिवर्तन/ निर्वाचक नामावली में संशोधन/ मतदाता पहचान पत्र का प्रतिस्थापन /दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हाकंन हेतु फार्म-8 है। उक्त सभी प्रारुप बूथ लेविल अधिकारी के पास उपलब्ध रहेंगे। किसी भी दशा में पुराना फार्म-6,7 एवं 8 आनलाइन अथवा ऑफलाइन प्रयुक्त नही होगा। आयोग द्वारा प्रारुप-8क को प्रारुप-8 में मर्ज करते हुए प्रारुप -8क समाप्त कर दिया गया है। विशेष कैम्प दिवस में मतदेय स्थलों पर संबंधित बूथ लेविल अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित कराने एवं उनके कार्यो का पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी/उप-जिला निर्वाचन अधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सुपरवाईजरों द्वारा मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया जायेगा। सुपरवाईजरों की शत प्रतिशत उपस्थिति निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुनिश्चित करेंगे।

# कुंदरकी में 6931 विद्यार्थियों ने छोड़ी बौद्धिक मूल्यांकन परीक्षा



मुरादाबाद के ब्लाक कुंदरकी के 159 प्राइमरी स्कूलों में गुरुवार को बौद्धिक मूल्यांकन परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। इसमें पंजीकृत 25511 विद्यार्थियों में 18580 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

जबकि 6931 विद्यार्थी गायब रहे। गांव भीकनपुर कुलवाड़ा में पर्यवेक्षक ग्राम सचिव इरशाद हुसैन व रविशंकर की मौजूदगी में परीक्षा संपन्न हुई। यहां दो कक्षाओं में नीचे बैठकर विद्यार्थी परीक्षा देते पाए गए। वहीं कई छात्र-छात्राओं को इसकी बेसिक जानकारी भी नहीं थी। गांव भीकनपुर कुलवाड़ा में हेड मास्टर ब्रहम पाल सिंह, कु.नर्मदा तोमर, शादाब परवीन, रेनू ख़ानम, कल्पना गुप्ता सहित तमाम शिक्षक रहे।

# आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने पर जोर दिया

मुरादाबाद - अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सभागार में गुरुवार को एडी डॉ रेखा रानी की अध्यक्षता में एमडीएसआर की त्रैमासिक बैठक एवं एनएचएम के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। मंडलीय परियोजना प्रबंधक हुमैरा बिन सलमा ने पार्टनर संस्था यूपीटीएसयू व पीएसआई, इंडिया के सहयोग से पुरूष नसबंदी की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ सीमा अग्रवाल ने सभी सीएचओ को रोज आनलाइन उपस्थिति लगाने के निर्देश दिए। ई-संजीवनी पर सीएचओ को रोज कम से कम दस ओपीडी अनिवार्य रूप से करने के लिए कहा। आंगनवाड़ी द्वारा कुपोषित बच्चों को वीएचएनडी सत्र में एएनएम के पास ले जाने के लिए भी कहा। जिससे सैम-मैम बच्चों को समय से एवं सुचारू रूप से उपचार मिल सके। सभी जिलों के आयुष्मान योजना के गोल्डन कार्ड की संख्या में बढ़ोत्तरी करने के लिए कहा। मंडल में केवल अमरोहा की स्थिति गोल्डन कार्ड बनाने में सबसे बेहतर है। अन्य जिलों को अपनी स्थिति सुधारने की जरूरत पर बल दिया। यूनिसेफ के मंडलीय कॉर्डिनेटर मानेंद्र को निर्देश दिए कि वह सभी जिलों में कार्यरत नर्स मेंटर का ओरिएंटेशन करें। जेडी डॉ आशु अग्रवाल, सीएमओ बिजनौर डॉ विजय कुमार गोयल, सीएमओ रामपुर डॉ एसपी सिंह, सीएमओ अमरोहा डॉ राजीव सिंघल, मुरादाबाद से एसीएमओ डॉ विश्राम सिंह, मंडलीय सर्विलांस अधिकारी डॉ नवीन रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# डेंगू का प्रकोप जारी, 27 और नए मरीज मिले

मुरादाबाद - डेंगू का प्रकोप लगातार जारी है। गुरुवार को 27 नए मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई। इनमें दीनदयाल नगर, बुद्धि विहार, पीएसी, जिगर कॉलोनी, आशियाना, गांधी नगर, मानपुर, नया गांव, कोहीनूर, करूला, गोविंद नगर, जिला अस्पताल, मंडी चौक, रामगंगा विहार, ग्राम मनकुआ हरथला मुरादाबाद से मरीज शामिल रहे। जिला अस्पताल की ओपीडी में गुरुवार को भी मरीजों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। ओपीडी के बाहर बड़ी संख्या में मरीज नजर आए। दूसरी तरफ जिला अस्पताल की ओर से डेंगू को लेकर हर तरह की सावधानी व किसी भी तरह के लक्षण दिखाए देने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श की सलाह दी गई। जिला सर्विलांस अधिकारी डा. प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि आम जनता को इस भ्रम से बाहर आना चाहिए कि डेंगू के हर मरीज को प्लेटलेट्स की आवश्यकता होती है। ऐसा नहीं है। शरीर में प्लेटलेट्स की संख्या बीस हजार से कम होने पर ही इसकी जरूरत पड़ती है। जिनको जरूरत होती है उनके लिए जिला अस्पताल में 24 घंटे प्लेटलेट मौजूद है। उन्होंने अपील की कि छोटे बच्चों को स्कूल भेजते वक्त फुल आस्तीन के कपड़े पहनाकर ही भेजें। दिन में गर्भवती महिलाओं व छोटे बच्चों को मच्छरदानी में ही सुलाएं। किसी प्रकार की सहायता के लिए मुख्य चिकित्सा कार्यालय व कंट्रोल रूम में संपर्क किया जा सकता है। डेंगू के लक्षण दिखाए देने पर सरकारी अस्पताल या किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सक से संपर्क करने की सलाह दी। पॉजिटिव आने पर एलाइजा जांच कराएं। डेंगू के मच्छर बढ़ने लगे हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में फागिंग और एंटीलार्वा के छिड़काव का काम तेज कर दिया गया है। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर ट्रैकिंग कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में जनवरी से अब तक 273 डेंगू के केस आए हैं जो बीते साल की तुलना में काफी कम हैं। पिछले साल लगभग 1100 केस आए थे। सीएमओ डॉ एमसी गर्ग ने बताया कि डेंगू आमतौर पर मादा एडीज़ इजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर दिन में काटता है और ठहरे हुए साफ पानी में पनपता है। सीएमओ ने अपील की कि अगर आप डेंगू से प्रभावित नहीं होना चाहते, तो मच्छर पनपने वाली संभावित जगहों पर सफाई और केरोसिन या डीजल जरूर डालें।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

## संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# War time advice

The Indian Foreign Minister's visit to Moscow at the time of war has deep implications and the results that have come out so far are very encouraging. Indian External Affairs Minister S Jaishankar has reiterated India's position in Moscow, saying that India strongly reiterates the need for a return to dialogue. When the difficulties on the economies are increasing, it is pleasant that the Foreign Minister has again explained to Russia. In the last few years, the corona pandemic, financial pressure and trade related difficulties have badly affected the global economy. Everyone is facing the consequences of the Russo-Ukraine war from above. It is worth noting that even during the war, India and Russia maintain strong and constant contact at various levels. Prime Minister Narendra Modi and Russian President Vladimir Putin met in Samarkand in September and there the prime minister explained that it was not a time for war. However, America is kind of giddy at the advice given to Russia. The American spokesperson has even said that Russia should heed India's advice. However, along with taking strong measures against the war, America should also think about dialogue-reconciliation. The war will not stop only with the efforts of India. How many countries are there in the world now, which are making such an effort vocally in front of Russia?

Even when India is getting cheap oil from Russia at the time of war, even if India wants to end the war soon, then the developed countries of the world should also understand this. Indian policy from the very beginning has been of non-alignment or multipolar world, so India will never want any one pole to be victorious and the defeated pole to be respected. This should be a war lesson for America as well. Only a multipolar world would be more effective in preventing war. Russia, which is openly almost alone today, must also be understanding the importance of a multipolar world much better. The foreign minister has better pointed to a multipolar world or a balanced world in Moscow. The visit would undoubtedly give a boost to Russia-India relations as well. History is witness, keeping Russia together strategically has always been useful for India. Now there is a lot of discussion about oil that why India is taking oil from Russia? Jaishankar has said in Moscow that India will continue to take oil. America wants all countries to reduce their dependence on Russia, but it also accepts India's own bilateral interests. America knows that the energy needs of India with a huge population are huge and in no case can America provide this much oil to India. So, how can he stop India from taking oil from anyone? Here America is only in the posture of request and advice. America agrees, this is not the time to do business with Russia as usual, but how many countries of the world can follow this admonition? So much for a liberal country like India that the US is not considering this oil import as a violation of sanctions. There are more buyers of Russian oil in the world. countries are not considering Russia as credible in any field, but India should continue the process of taking its own decisions.

# Rashmika Mandanna is facing trolling and hatred, said - it is having a bad effect on my relationships

Rashmika Mandanna may be a South actress, but her popularity has increased in every industry. Rashmika has got the tag of National Crush. Recently Rashmika has also debuted in the Bollywood industry. Rashmika is well-liked, but she also has to face negativity with so much love. Rashmika has now posted on social media about the trollers and those who make negative comments, which is going viral. Reading this post of the actress, it is known that maybe she has been coping with it for a long time and now she could not control it any more. Rashmika has actually shared a photo of herself in which she is seen sitting on the boat. She is wearing a face mask and she is looking at one side carefully. Wanted to say this thing for years - Sharing the photo, Rashmika wrote, 'Some things have been bothering me for a few days, weeks, months or years and I think now is the right time to talk about them. I just want to speak about myself which I should have done years ago. I have faced a lot of hatred ever since I started my career. I understand that I have chosen this life for myself in which I will get different reactions. Not everyone will like me. But this does not mean that you speak wrong for me and spread negativity. My words said in interviews are wrongly virused.



This affects not only me but also my relationships with people inside and outside the industry. I accept constructive reviews but not negative trailing. I have been told many times to ignore it but things are getting worse. By keeping quiet, I am not going to let the people who speak wrongly win. Although I am not going to change myself as a person from all this hatred. Your love moves forward - Finally again the actress wrote, 'I know many people love me and their love gives me courage. This is what has given me the courage to speak today. I have love for all who are around me with whom I live, work. I will work very hard for you guys because as I say I am happy only by making you happy.' Apart from Mission Majnu and Animal, Rashmika also has Pushpa 2. She will be seen opposite Sidharth Malhotra in Mission Majnu. At the same time, in Animal, he is in an important role with Ranbir Kapoor, Parineeti Chopra and Anil Kapoor. She will rock with Allu Arjun in Pushpa 2. Let us tell you that the first part of this film was very much liked by Pushpa.

# देश में हो रहे रासायनिक उर्वरक/खाद की अधिकता से मानव का भविष्य खतरे में- राजू आर्य

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-देश में हो रहे रासायनिक उर्वरक/खाद की अधिकता से मानव का भविष्य खतरे में- राजू आर्य हिंदू हृदय एवं कट्टर हिंदूवादी किसान नेता राजू आर्य ने सरकार को जैविक खेती के प्रति बढ़ावा देने हेतु लिखा पत्र। जैविक खेती करके किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारा जा सकता है- राजू आर्य जैसा की सर्वविदित है आज के आधुनिक युग में किसानों द्वारा खेतों में पैदावार बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरक/खाद की मात्रा अत्यधिक प्रयोग लोगों को बीमार बना रहा है। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य ने बताया कि जब हमारे देश के युवा बुजुर्ग और बच्चों का स्वास्थ्य ही ठीक नहीं होगा और अधिक बीमार रहेंगे तो देश अपने आप कमजोर होता चला जाएगा।जिसके कारण देश का भविष्य सुधारने एवं एक मजबूत दिशा की ओर ले जाने के लिए युवाओं बच्चों एवं बुजुर्गों का सेहतमंद होना अत्यधिक जरूरी है जिसके लिए भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह के निर्देशन में भारतीय किसान यूनियन के संगठन मंत्री रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य ने आग्रह पूर्वक उत्तर प्रदेश सरकार के माध्यम से भारत सरकार का ध्यान



भारतीयों के उज्जवल भविष्य एवं किसानों की जमीन अधिक उपजाऊ बनाने हेतु भारत में पिछले करीब 4000 वर्षों से निम्न उत्पादन के लिए प्रयोग की जा रही जैविक खेती की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बिंदुबार सुझावों पर कोई ठोस योजना तैयार कर कार्यान्वित किए जाने का अनुरोध बिंदुबार सुझाव के साथ बताया गया है। कि जैविक खेती करने से भूमि की उपजाऊ क्षमता में वृद्धि, सिंचाई अंतराल में वृद्धि होती है ,रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होने से लागत में कमी आती है तो बाजारों में जैविक उत्पादों की मांग में वृद्धि होने से किसानों की आय में भी वृद्धि होती है। जैविक खेती करने से भूमि जल एवं वायु प्रदूषण बहुत कम होता है, व किसी प्रकार के रासायनिक पदार्थो व कीटनाशकों एवं केमिकल फर्टिलाइजर्स का प्रयोग नहीं होता है।जैविक खेती करने पर पौष्टिक भोजन का उत्पाद होता है और उत्पादित खाद्य पदार्थों का स्वाद भी नियमित रूप से उपजे खाद्य वस्तुओं से बेहतर होता है। कृषि से खाद्य वस्तुओं में कई प्रकार के विटामिंस प्राप्त होते हैं। जैविक खेती से पशुओं के दुग्ध उत्पादन क्षमता में वृद्धि होती है।जैविक खेती से मिट्टी के पोषण को बढ़ावा भी मिलता है तथा मिट्टी की उर्वरता में सुधार होता है। जैविक खेती से ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारों को रोजगार के कई अवसर प्रदान होते हैं जिससे किसानों एवं मजदूरों की आर्थिक स्थिति को सुधारा जा सकता है जैविक कृषि पर्यावरण के अनुकूल होती है, साथ ही जैविक खेती में आधुनिक मशीनों के प्रयोग के बजाय मानवीय श्रम की आवश्यकता अधिक रहती है। तथा कृषि में गोबर की खाद कंपोस्ट जीवाणु खाद फसलों के अवशेष एवं प्रकृति में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के खनिज पदार्थों से पौधों की पोषक तत्व की क्षमता में वृद्धि होती है। जैविक कृषि से उत्पन्न अनाज के सेवन से किसी भी मानवीय बीमारी से ग्रसित होने का खतरा नहीं आता है। अतः भारतीय नागरिकों के उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन के लिए जैविक कृषि आधारित उक्त निम्नांकित बिंदुओं का गहन मंथन करते हुए कोई ठोस योजना तैयार कर समूचे देश में क्रियान्वित किए जाने का( भानू ) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजू आर्य की ओर से भारत सरकार को लिखित में जैविक खेती के फायदे/लाभ बताते हुए जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु विशेष आग्रह किया गया है।

# जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 नवम्बर को होगा

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार 12 नवम्बर शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, दाण्डिक वादों धारा 138 एन0आई0 एक्ट, बैंक रिकवरी वाद, श्रमिक वाद, जल एवं गृहकर वाद, विद्युत बिल वाद, वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, दीवानी वाद, राजस्व वादों के साथ साथ ई-चालान से संबंधित वादों का भी निस्तारण सुलह समझौते एवं संस्वीकृत के आधार पर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों को चिन्हित करते हुए उनका निस्तारण कराने हेतु अधिकाधिक वादों को निस्तारित कराया जाए।

# दो मिनट मौन धारण कर पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-पंकज गुप्ता की परम् पूज्य माता जी श्रीमती गायत्री देवी पत्नी रामपाल गुप्ता निवासी नई वस्ती एटा एवं क्रांतिजागरण समाचार पत्र के संम्पादक वरिष्ठ पत्रकार राजीव राज शर्मा निवासी अलीगढ़ के आकस्मिक निधन पर शिवकुमार पाठक के निज निवास पुलिया गर्वी बड़ा जैन मंदिर बाली गली पर दो मिनट मौन धारण कर समस्त पत्रकारगणों ने मृतआत्मा की आत्म शान्ति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर उपस्थित रहे पत्रकारगण आशीष शर्मा, दीपक दीक्षित, अमित गुप्ता, राज वर्मा, ज्ञानेश कुमार, प्रमोद वर्मा,अमोल श्रीवास्तव, बबलू चक्रवर्ती, मोहम्मद वारिश,पंकज गुप्ता, चंद्रवीर, शिवकुमार पाठक आदि समस्त पत्रकारगण उपस्थित रहे।

*अन्य खबरों के लिए देखे*

WWW.KNLSIVE.COM

# निभाई गई पैच वर्क की औपचारिकता, सड़कों पर फिर से हो गए गड्ढे

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-निभाई गई पैच वर्क की औपचारिकता, सड़कों पर फिर से हो गए गड्ढे जीटी रोड स्थित रेलवे रोड मोड़ पर बने गड्ढे से होकर गुजरते वाहन कस्बा राजा का रामपुर से पहरा मोड़ तक पैच वर्क देखा। कहीं-कहीं पर पैच वर्क पानी भरने से उखड़ गया हैं, जिन को फिर से सहीं करवाया जाएगा। सड़क पुरानी है। जब तक यह नई नहीं बनेगी, तब तक सही नहीं हो पाएगी। यह सड़क कासगंज डिवीजन में आती है। वहां के अधिकारियों से बात हो गई है, जल्दी सही हो जाएगी।

## सतीश कुमार, एक्सईएन, पीडब्लूडी,जैथरा कुरावली मार्ग है खराब

एटा। जैथरा संवादाता के अनुसार जैथरा से दरियागंज एवं कुरावली जाने वाले मार्ग पर गड्ढों की भरमार है, जिससे वाहन निकल मुश्किल हो रहा है। इन मार्गों पर काफी समय से पैच वर्क नहीं किया गया। इसके चलते सड़कों की हालत खराब है। कभी-कभी तो वाहनों को गड्ढे से बचाने के चक्कर में दुर्घटनाग्रस्त भी होना पड़ता है।

## मारहरा के यह मार्ग भी बने हुए जर्जर

एटा। मारहरा से किचौरा मार्ग, मारहरा से अथैया मार्ग, मिरहची से अचलपुर मार्ग, मिरहची से नगला बनुआ मार्ग, मिरहची से नगला चहबच्चा मार्ग, मिरहची से श्यामपुर मार्ग पर कई वर्ष से बड़े और गहरे गड्ढे बने हुए है। पहरा मोड़ से राजा का रामपुर तक जर्जर सड़कों की मरम्मत में बहुत घटिया मटेरियल का उपयोग किया गया है। गड्ढों को भरने में मानक अनुसार डामर नहीं डाला गया है, जिसकी वजह से सड़क में पुन गड्ढे हो गए है। इसकी विधिवत रूप से जांच होनी चाहिए।-विजय सिंह राठौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष। 29 अक्टूबर को सड़क पर पेच वर्क का कराया गया था। पीडब्लूडी ने गड्ढे भरवाने में बेहद घटिया काम कराया है। सड़क पर कई जगह गड्ढों को छोड़ दिया गया है। कुछ जगह डामर डालने के बाद भी लाल गिट्टी नजर आ रही है।-अमरीश सिंह राठौर, राजा का रामपुर एटा। एटा, संवाद। सरकार के आदेश के बाद भी जिले के अधिकारियों का सड़कों को दुरुस्त करने पर ध्यान नहीं। विभागों को जर्जर मार्गों को 15 नवंबर तक दुरुस्त करना है लेकिन अभी तक एक भी ऐसी सड़क नहीं जिसे ठीक किया गया हो। वहीं जिन सड़कों का पेंच वर्क किया गया है, वहां फिर से गड्ढे होना शुरु हो गए हैं। काम पूरा होने में सिर्फ पांच दिन शेष है। मुख्यालय की जर्जर मार्गों को नहीं कराया दुरुस्त एटा। शहर के मुख्य मार्ग जीटी रोड से रेलवे रोड मोड़ पर बने गड्ढों को दुरुस्त नहीं कराया गया है। इसी प्रकार आगरा रोड पर रोडवेज वर्कशॉप तक बने गड्ढों के कारण वाहनों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अभी भी इस सड़क पर गड्ढे है। मारहरा की सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे एटा। मारहरा संवाददाता के अनुसार विधान सभा क्षेत्र की अधिकांश मुख्य मार्ग कई वर्षों से जर्जर बने हुए हैं। जिन पर आवागमन करना वाहन चालकों के लिए किसी जंग जीतने से कम नहीं है। कस्बा का सबसे महत्वपूर्ण दर्जा रखने वाले मारहरा-मिरहची मार्ग पूरी तरह जर्जर बनी हुई है, जिस पर पैदल चलना भी मुसीबत का कारण बना हुआ है। मारहरा पिवारी और मोहनपुरा मार्ग की हालत खस्ता है। इस पर गुजरने में वाहनों को मिनटों की दूरी घंटों में तय करनी पड रही है। एक सप्ताह भी नहीं चला पेच वर्क एटा। राजा का रामपुर संवाददाता के अनुसार पीडब्लूडी ने एक सप्ताह पहले पहरा मोड़ से राजा का रामपुर तक जर्जर मार्ग का पैच वर्क कराया था, जो कि एक हफ्ते अंदर ही उखड़ना शुरू हो गया। इसकी शिकायत कस्बा वासियों ने विभागीय मंत्री से की। इसके बाद लोक निर्माण विभाग हरकत में आया। एक्सईएन ने मौके पर पहुंचकर पैच वर्क का निरीक्षण किया। बता दे कि कस्बा के कंपिल मार्ग पर शिकायतों के बाद पीडब्लूडी ने गड्ढा भरने का काम कराया था। ब्राह्मण चेतना परिषद के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने नगर के लोगों के साथ पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद से मिलकर उनके कार्यालय में शिकायत की

# आग से झुलसी महिला की इलाज के दौरान हुई मौत

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आग से जली महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता ने जेठ सहित अन्य ससुरालीजनों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिला कन्नौज थाना सोरिख के गांव परौर निवासी संतोष शर्मा ने थाना जैथरा में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 29 अक्तूबर को बेटी ऋचा शर्मा पत्नी राजवीर शर्मा अपनी ससुराल थाना जैथरा के मोहल्ला गांधीनगर में भाई के साथ गई थी। आरोप है कि आरोपी हरिओम शर्मा, प्रेमकिशोर शर्मा, प्रदीप शर्मा सहित अन्य ससुरालीजनों ने बेटी को देख विवाद शुरू कर दिया और बेटी को आग के हवाले कर दिया। बेटा को दौड़ा लिया था।। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मवेशियों में होने वाले खुरपका-मुंहपका रोग ( एफएमडी ) के विरूद्ध सघन टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ 7 नवंबर से

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत पशुधन विकास विभाग सूरजपुर द्वारा पशुओं में होने वाले संक्रामक रोग खुरपका-मुंहपका के विरूद्ध 07 नवम्बर 2022 से 21 दिसम्बर 2022 तक टीकाकरण कार्यक्रम एफ.एम.डी.-सी.पी. चलाया जा रहा है। डॉ.नरेन्द्र सिंह, उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग सूरजपुर ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जिला सूरजपुर को खुरपका-मुंहपका रोग मुक्त बनाना है। पशुओं में मुंहपका खुरपका रोग से बचाव हेतु जिले में 115 टीकाकरण दल बनाया गया है। इनके द्वारा गौठानों एवं ग्रामों में जाकर खुरपका-मुंहपका रोग के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक एफ.एम.डी. टीकाकरण किया जा रहा है। जिले में 4,52,363 पशुओं में टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। टीकाकरण कार्य को सुचारू रूप से संचालन हेतु जिला स्तर पर डॉ. विशाल प्रसाद, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ को जिला नोड़ल अधिकारी एवं डॉ. आशुतोष चौबे, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ को सहायक नोड़ल अधिकारी तथा विकासखण्ड स्तर पर नोड़ल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। गोवंशीय एवं भैंस वंशीय पशुओं में खुरपका मुंहपका रोग काफी प्रभावित करता है। ये काफी तेजी से फैलने वाली संक्रामक बीमारी है। संक्रमित पशु में अत्यधिक तेज बुखार, मुंह एवं खुर में छाले एवं भूख न लगना जैसे लक्षण दिखाई देते है। गंभीर रूप से संक्रमित पषु लंगड़े भी हो सकते है जिस कारण वे कृषि कार्यो में उपयोग लायक नहीं रह जाते है। इस रोग से संक्रमित दुधारू पशु में दुग्ध उत्पादन में अचानक से गिरावट आ जाती है। अतः इस रोग के कारण पशुपालक को आर्थिक हानि एवं पशुधन की क्षति होती है जिससे कृषि कार्य भी बाधित हो जाता है। ऐसे में इस बीमारी के रोकथाम के लिए गौवंशीय एवं भैंस वंशीय पशुओं का टीकाकरण बहुत महत्वपूर्ण है। टीकाकरण अभियान को पूर्ण सफल बनाने हेतु जिले में पशु चिकित्सक, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, पीएआईडब्ल्यू, गौ सेवक, मैत्री व शिक्षित बेरोजगार युवकों एवं वेटनरी पॉलिटेक्निक के छात्रों को प्रशिक्षित कर कार्य पर लगाया गया है जो अपना कार्य सफलतापूर्वक कर रहे है। अतः जिले के सभी पशुपालकों से आग्रह किया जाता है कि सभी गौवंशीय एवं भैंस वंशीय पशुओं में खुरहा-चपका का टीका लगवाकर जिले को एफ.एम.डी. रोग मुक्त बनाने का अभियान में सहयोग दें।

# पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने थाना रामानुजनगर का किया आकस्मिक निरीक्षण



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- गुरूवार को पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने थाना रामानुजनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी रामानुजनगर प्रशिक्षु डीएसपी दीपमाला कुर्रे, पुलिस अधिकारी व जवानों को कार्य के प्रति सजग रहने, सौंपें गए कर्तव्यों का बेहतर ढंग से निर्वहन करने एवं आमजनता की समस्या-शिकायतों का गंभीरता से लेते हुए जल्द निराकरण करने, रात्रि गश्त प्रभावी तौर पर करने तथा धान खरीदी केन्दों में पुलिस बल की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक औचक निरीक्षण में दौरान थाना भवन एवं जवानों के आवास व्यवस्था का हाल जाना और मरम्मत योग्य आवास को जल्द दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। जप्ती माल एवं लावारिश वस्तुओं का जल्द निराकरण कराने के कड़े निर्देश थाना प्रभारी को दिए। थाने में अभिलेखों का निरीक्षण किया। रिकार्ड अवलोकन में सभी की स्थिति संतोषजनक पाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने लंबित मामलों को यथाशीघ्र निपटारा करने, वारंटियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने को कहा। नागरिकों को पुलिस से आशा रहती है कि उनके समस्याओं का त्वरित निराकरण हो इस दिशा में तत्परता से कार्य किए जाने, थाने में फरियाद लेकर आने वाले सभी नागरिकों की समस्याओं को शालीनतापूर्वक सुनने एवं जल्द निराकरण करने कहा। निरीक्षण के दौरान छत्तीसगढ़ उर्दु ऐकेडमी बोर्ड के सदस्य इस्माईल खान से चर्चा कर जानकारी ली। इस दौरान एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, निरीक्षक विपिन लकड़ा, एसआई मनी प्रसाद राजवाड़े सहित थाना के अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

# नशा फ्री गांव-शहर अभियान को लेकर पुलिस चौपाल लगाकर नागरिकों को कर रहा जागरूक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच






सूरजपुर- पुलिस युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए अभियान चला रही है। इसके तहत युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए इससे दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को नशा तस्करों पर कड़ी नजर रखने व उन पर लगातार कार्रवाई करने के साथ ही नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में गुरूवार 10 नवम्बर 2022 को एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह की मौजूदगी में चौकी खड़गवां पुलिस के द्वारा ग्राम बोझा में नशे के विरूद्ध चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान एसडीओपी ने कहा कि नशा एक ऐसा दलदल है, जिसमें धंसने वाला खुद तो तबाह होता ही है, साथ ही उसका पूरा परिवार भी तबाह होता है। उन्होंने कहा कि नशे की बुराइयों व दुष्प्रभावों से परिवार व समाज को बचाने के लिए नशा फ्री गांव-शहर का लक्ष्य लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में मजबूत पहल शुरू हो चुकी है। नशा से दूर रहने के लिए पढ़ाई एवं खेलकूद का सहारा लेने की समझाईश दी। चौकी प्रभारी खड़गवां संजय सिंह ने कहा कि नशा फ्री गांव-शहर अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है।

नशे का व्यापार, नशा बेचने वाले, अवैध रूप से बेच रहे शराब या किसी भी प्रकार का नशा बेचने वाले के बारे में पता चले तो आप तुरंत पुलिस को सूचित करें, सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। चौपाल में महिला-छात्राओं को अभिव्यक्ति ऐप के बारे में जानकारी देकर ऐप डाउनलोड करवाया। धोखाधड़ी से बचाव, साईबर अपराध, यातायात नियम, महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानूनों, विधिक जानकारियों से अवगत कराया। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, युवा एवं बच्चे मौजूद रहे।

WWW.KNLSIVE.COM

# कलेक्टर ने भैयाथान-पटना मार्ग में चल रहे उन्नयन एवं डामरीकरण कार्य का किया निरीक्षण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- डामरीकरण की गुणवत्ता की जांच कर समय अवधि में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश सड़क के मोड़ पर लगे सूखे पेड़ को काटने के निर्देश कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने भैयाथान ब्लाक के भैयाथान - पटना मार्ग में चल रहे उन्नयन एवं डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों से सड़क निर्माण में प्रयुक्त किए जा रहे डामर के तापमान, डामरीकरण का प्रतिशत एवं उसकी मोटाई की जॉच कराकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता को परखा। कलेक्टर ने उन्नयन एवं डामरीकरण कार्य समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे आवागमन में आम लोगों को परेशानी ना हो। सड़क के मोड़ पर लगे सूखे पेड़ को काटने के निर्देश कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने भैयाथान-पटना मार्ग में चल रहे उन्नयन एवं डामरीकरण कार्य के निरीक्षण के दौरान दलोनी गांव के पास सड़क के मोड़ के पास लगे सूखे पेड़ को काटने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया जिससे में दुर्घटना से बचा जा सके। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री महादेव लहरे ने बताया कि भैयाथान-पटना मार्ग में चल रहे उन्नयन एवं डामरीकरण कार्य किया जा रहा है।जिसकी लंबाई 5 किलोमीटर है। छत्तीसगढ़ शासन से 367.92लाख की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। कलेक्टर सुश्री आरा ने डामर का प्रतिशत एवं मोटाई का बारीकी से जांच की तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि डामर का प्रतिशत जोकि 6 प्रतिशत होता है जांच उपरांत 6. 8 प्रतिशत पाया गया एवं टेंपरेचर भी सही पाया गया एवं 20.6 मोटाई का कार्य भी प्रावधान अनुसार सही पाया गया। उन्होंने गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के कड़े निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री महादेव लहरे उप अभियंता विनोद कुमार एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

# व्यापार बन्धु की बैठक में नामित अधिकारी ही प्रतिभाग करें - जिलाधिकारी

सत्यम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




बरेली- जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी को व्यापारियों ने अवगत कराया कि 16 वेंडिंग जोन की सूची अभी तक व्यापारियों को नगर निगम द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई है। जिस पर जिलाधिकारी ने अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि जहां-जहां वेंडिंग जोन बनाए गए हैं उसकी सूची व्यापारियों उपलब्ध करा दी जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि वेंडिंग जोन से संबंधित व्यापारियों के साथ नगर निगम में एक बैठक भी कराये। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिए कि टैक्स की वसूली नियमानुसार किया जाए। उन्होंने उपायुक्त राज्यकर को निर्देश दिए कि व्यापार बन्धु की समिति में जो अधिकारी नामित है उन सम्बंधित अधिकारियों को बैठक से पूर्व सूचना दे दी जाए और बैठक में नामित अधिकारी उपस्थित हो। एसपी ट्रैफिक ने कहा कि मोटर साईकिल, स्कूटर के इंजन व हैंडिल से बनाकर जो ठेले ( जुगाड़ वाली गाड़ी ) चलाए जा रहे हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि किला चौकी से लेकर कुतुबखाना तक कोई भी जुगाड़ वाली गाड़ी अब से नहीं चलेगी अगर कोई भी जुगाड़ वाली इस क्षेत्र में पाया जाता है तो उसे विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों से आग्रह किया है कि ऐसे वाहनों ( जुगाड़ ) से माल सप्लाई का विरोध करें और सप्लाई न लें।

उन्होंने कहा कि आलखनाथ मंदिर के सामने से मनिहारा गली तक किला कुतुबखाना रोड के समान्तर नाला रोड है जिस पर यदि आरसीसी रोड बना दी जाए तो किला से कुतुबखाना तक रोड का ट्रैफिक कम हो जाएगा और जाम की समस्या से निजात मिल जाएगी। जिस पर अपर नगर आयुक्त ने सहमति दी। जिलाधिकारी ने अपर नगर आयुक्त तथा एसपी ट्रैफिक को आज उक्त स्थल का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर डॉ0 आर0डी0 पाण्डेय, एसपी ट्रैफिक श्री राम मोहन सिंह, उपायुक्त श्री रोशनलाल, राज्यकर श्री वेगराज सिंह, अपर नगर आयुक्त, व्यापारी बन्धु सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रात में पुलिस की मौजूदगी में किया गया दुष्कर्म पीड़िता का अंतिम संस्कार

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- दोपहर थाना पुलिस ने गांव पहुंचकर परिवार के लोगों से बातचीत की और कार्रवाई का आश्वासन दिया। गांव में महिला पुलिस के साथ हरदुआगंज और अकराबाद थाने का पुलिस बल तैनात रहा। देर रात पुलिस की मौजूदगी में ही परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतका किशोरी के पिता के अनुसार उनकी पत्नी परिवार की एक महिला को दवा दिलाने अस्पताल जाने के इंतजार में सड़क पर खड़ी थीं। तभी आरोपी भतीजा वहां पहुंचा और चाची को पनैठी स्थित प्राथमिक अस्पताल छोड़कर नौकरी पर जाने की बात कहते हुए चला गया। लेकिन आरोपी के दिमाग में खिचड़ी पहले से ही पक रही थी। लिहाजा वह नौकरी पर जाने के बजाय घर पहुंचा और यहां आकर घटना को अंजाम दे दिया

# डेंगू के मरीजों के साथ परिवार के सदस्यों की तरह डॉक्टरों को मेहनत करनी चाहिए तभी बीमारी पर कंट्रोल करना संभव है- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है पूरी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डॉ पूरी तरह से प्रयास कर रहे है डेंगू पर नियंत्रण करने के लिए भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि सरकारी हॉस्पिटलों में डॉक्टर एवं कंपाउंडर एवं नर्स डेंगू के मरीज के साथ मेहनत करें हर मरीज की इतनी समय देखभाल कर सके उतनी कम है जब तक डेंगू के मरीज के साथ कंट्रोल करने के लिए मेहनत नहीं करेंगे डॉक्टर तब तक इस बीमारी पर नियंत्रण संभव नहीं है उन्होंने यह भी कहा है डेंगू के मरीज को समय-समय पर डॉक्टरों को हालत की जानकारी लेनी चाहिए मरीज की हालत कैसी है अपने परिवार की सदस्यों की तरह प्रत्येक मरीज के साथ मेहनत करनी चाहिए उसे ठीक करने की कोशिश करनी चाहिए मरीजों के लिए समुचित व्यवस्था होनी चाहिए अस्पताल के आसपास या मरीज भर्ती हैं वहां पर दवाई का छिड़काव होना चाहिए सफाई व्यवस्था होनी चाहिए भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ शब्दों में कहा है जब तक मरीजों के साथ मेहनत नहीं होगी तब तक डेंगू पर कंट्रोल करना संभव नहीं है सरकार की तरफ से पूरी दवाइयां अस्पतालों को उपलब्ध कराई जा रही हैं उन दवाइयों का सही इस्तेमाल होना चाहिए

# शराब बनाकर बेचने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को दबोचकर भेजा जेल

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




अलीगढ-अंशुल शर्मा चौकी इंचार्ज पनैठी ने चार्ज लेते ही किया गुड वर्क क्षेत्र में बने चर्चा का विषय मिश्रित बीती रात थाना क्षेत्र के गांव सेहौर से पुलिस ने एक व्यक्ति को मिश्रित शराब बनाकर बेचने के आरोप में पकड़ कर जेल भेजा है। पनैठी पुलिस चौकी प्रभारी अंशुल शर्मा ने बताया है। कि बुधवार की रात वह हमराह सिपाहियों हेड कांस्टेबल सत्यभान सिंह व हेड कांस्टेबल अनिल कुमार के साथ गश्त पर थे। तभी मुखबिर खास ने उन्हें सूचना दी कि गांव जलुपुर सेहौर में एक व्यक्ति मिश्रित शराब बनाकर बेचने का काम कर रहा है। सूचना पर वह हमराहों के साथ मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंच गये। पुलिस को देख वहां खड़ा एक व्यक्ति सकपका गया और तेजी से एक और भागने लगा। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए उसे दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम अशोक पुत्र बद्री प्रसाद निवासी गांव जलुपुर सेहौर बताया। पुलिस ने पकड़े गये अशोक के पास से पांच लीटर मिश्रित शराब व दो किलो यूरिया एक मोबाइल बरामद कर जेल भेजा है।

# सिगरा पुलिस को मिलीं बड़ी सफलता,5 वांछित गिरफ्तार

तौफ़ीक़ खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी-तेजतर्रार सिगरा इंसपेक्टर राजू सिंह के निर्देश पर सब-इंस्पेक्टर विकास ने पाच वारंटी को गिरफतार किया गया। अभियुक्त ज्याउल हक जुल्फिकार शोखी घनश्याम मगरू घर के समीप से गिरफतार किया गया इस संबंध में इंस्पेक्टर राजू सिंह ने बताया कि इन सभी के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी था। पुलिस खोज ही रही थी की मुखबीर के द्वारा सूचना मिलीं की सभी घर के पास है सब इंसपेक्टर विकास ने सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पाच वारंटी को मौके से ही गिरफतार किया।

# फिल्मी स्टाइल में मोबाइल लूट ले गए बाइक सवार 2 माह में 3 लूट होने के बाद भी खाली हाथ हरदुआगंज पुलिस नहीं किया कोई खुलासा

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-हरदुआगंज थाना क्षेत्र की घटना शाम तीन बजे की है। बता दें कि क्षेत्र में लूट की पहली घटना नहीं है इससे पहले क्षेत्र में लूट की घटना हो चुकी हैं जो कि उस घटना बाइक सवारों ने अंजाम दिया थाअनमोल पुत्र विनोद सिंह निवासी शेखुपुर,तीन बजे जालाली से काम निबटा कर साइकिल से अपने गांव शेखुपुर लौट रहे थे तभी घटना,जीएलजी स्कूल के निकट,पीछे से आए बाइक सवार फिल्मी स्टाइल में मोबाइल छीन कर भाग गए सूचना पाकर पहुँची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# एडी पब्लिक स्कूल घिरामई ब्रिक्स भटटा, व क्रियेटिव एजुकेषन एण्ड डैबलपमेंट सोसाइटी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन सम्पन्न

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा - प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने यह जानाकारी देते हुये बताया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण वं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुपालन में जनपद एटा में विधिक जागरूकता के माध्यम में नागरिकों के सशक्तिकरण हेतु 2 सप्ताह के महाअभियान को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के तत्वावधान तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ जनपद न्यायाधीश, एटा के निर्देशानुसार दिनांक 8 नवम्बर 2022 को एडी पब्लिक स्कूल घिरामई ब्रिक्स भटटा, कासगंज रोड एटा व क्रियेटिव एजुकेशन एण्ड डैबलपमेंट सोसाइटी एटा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन मध्यस्थगण, पैनल लायर,पीएलवी एवं समस्त कर्मचारीगण के द्वारा किया गया। पैनल लायर द्वारा एडी पब्लिक स्कूल में उपस्थित सभी छात्र एवं छात्राओं एवं शिक्षकगण को नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी और सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कानूनों के प्रति जागरूक किया गया। मध्यस्थगण द्वारा घिरामई ब्रिक्स भटटा कासगंज रोड एटा में उपस्थित सभी श्रमिकों को सरकार द्वारा चलायी जारही कल्याणकारी योजनाओं एवं विधिक सेवा संस्थाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली नि:शुल्क विधिक सेवा एवं सहायता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की और बताया गया की आप इस सभी योजनाओं से स्वंय एवं अपने परिवार का सशक्तिकरण कर सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के कर्मचारीगण एवं पीएलवी द्वारा क्रियेटिव एजुकेशन एण्ड डैबलपमेंट सोसाइटी एटा में उपस्थित सभी नागरिकों को बताया गया कि सरकार द्वारा नागरिकों के सशक्तिकरण हेतु वर्तमान विभिन्न योजनाये चल रही है, जिसका लाभ उठाकर आप अपने परिवार का सशक्तिकरण कर सकते है। अब इन सभी योजनाओं का लाभ उठाने हेतु विभिन्न डिजीटल माध्यम जैसे-विधिक चेट बुक, वॉट्सऐप, चेटबुक, लीगल एड कैस मैनेटमेन्ट सिस्टम, ऑनलाइन मीडिएशन पोर्टल आदि का उपयोग कर घर बैठकर ही लाभ उठा सकते है, आप स्वंय परिवार एवं समाज का सशक्तिकरण कर सकते है। इस अवसर पर मीडिएटरगण एमपी शर्मा, कन्हीलाल शर्मा, श्रीमती डौलीराघव, सुश्री महेन्द्रवर्म एवं पैनल लायर, नारायण पाण्डेय, योगेश सक्सैना एवं पीएलवी संदीप यादव, पुष्पेन्द्र सिंह एवं बौवी कुमार समस्त कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# बबुरी और जमालपुर पुलिस ने फोर्स के साथ किया मिश्रित क्षेत्र का भृमण





तौफ़ीक़ खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी-बबुरी और जमालपुर पुलिस ने फोर्स के साथ किया मिश्रित क्षेत्र का भृमण,अधिनस्तो को दिए संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश काशी में हुए गोलीकांड के बाद विशेष सतर्कता बरत रही हैं जमालपुर और बाबूरी पुलिस बबुरी।जमालपुर इंस्पेक्टर मनोज कुमार और थानाध्यक्ष बबुरी अतुल कुमार ने देर रात्रि पैदल गस्त करते हुए अधिनस्त अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देश दिया कि संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जाय।वही कस्बे के व्यापारियों को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी विशेष परिस्थितियों में आप 112 डायल कर पुलिस की सहायत ले सकते है।आपके सुरक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध है।कानून व्यवस्था बनाये रखने में आप सहयोग करे।उपद्रवियों पर सख्त कार्यवाही किया जाएगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यौरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# चेयरमैन चुनाव मे टिकट की मारामारी,भाजपा सपा मे कौन किस पर भारी।सहमात का खेल जारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - चेयरमैन चुनाव मे टिकट की मारामारी।भाजपा सपा मे कौन किस पर भारी।सहमात का खेल जारी।* एटा - एक तरफ नगर पालिका परिषद के चुनाव में अंतिम रूप देने के लिए जिला प्रशासन दिन-रात एक किए हुए हैं। वही राजनीतिक दलों ने प्रत्याशियों से आवेदन मांग लिये है। सत्ताधारी दल में हमेशा टिकटार्थियों की लाइन लंबी होती है। भाजपा में टिकटार्थियों की इसबार बड़ी लाइन है। आवेदकों मैं जैन समाज से एडवोकेट प्रशांत जैन, नीलू जैन, (धर्मपत्नी संदीप जैन)महाजनों में कंचन गुप्ता ꖷअडंगाꖷ, शालिनी गुप्ता, एड. पंकज गुप्ता, प्रदीप भामाशाह, एड.राहुल गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, राकेश गुप्ता (आर.टी.ओ ऑफिस) संजय गुप्ता आडतिया, वारहसैनी समाज से वीरेन्द्र वाष्णेय, सुजीत देव वाष्णेय के अतिरिक्त ब्राह्मण समाज से दिनेश वशिष्ठ,नरेन्द्र देव उपाध्याय,मनोज पचौरी, सचिन उपाध्याय,रामू भटेले, और सुभाष शर्मा शामिल है। वहीं सपा में यादव समाज से सुनील यादव सभासद, मुस्लिम समाज से जहीर अहमद,जमशेद आलम,शामिल है। कांग्रेस में सरिता अम्बेडकर, सीमा गुप्ता, एड. मु.इरफान खान ने आवेदन किया है।बसपा से प्रशांत गुप्ता( पी.जी ) का इकलौता आवेदन है।आम आदमी पार्टी में भी 3 लोगों ने आवेदन किया है।अब बात करते है सपा की। यहाँ सुनील यादव ने आवेदन के साथ सपा मुखिया से कुछ सर्ते शेयर की है।यदि टिकट मिली तो ससर्त लेंगे।दूसरे आवेदक जहीर अहमद को बसपा से सपा मे प्रोफेसर रामगोपाल यादव के आवाश पर वि.सभा.चुनाव की रणनीति के तहत शामिल किया गया था।जहीर को चेयरमैन बनाने का आश्वासन इस लिये दिया था।कि मुस्लिम बडा चेहरा शराफत अली काले का विकल्प तैयार किया था।जमशेद आलम स्वयं किसी परिचय का मुँहताज नही है।आज के राजनीज्ञों एवं प्रशासन पर भी वह अपने ब्यवहार पर भरोसा कायम करने का हुनर रखते है। बसपा मे बैसे तो पीजी गुप्ता का नाम इकलौता है।लेकिन बसपा वि.सभा चुनाव की तर्ज पर वह जिताऊ अथवा खेल खतम कराऊ प्रत्याशी उतारने की रणनीति भी चला सकती है।इन्हीं के बीच मे समाज मे दिन रात एक कर शहर मे रात दिन गली सडकों पर अपने सामाजिक कार्यो के रिपोर्ट कार्ड के आधार पर मेधाव्रत शास्त्री भी मैदान मे होगें।अब सत्ता की हनक पर धमक किसकी भारी है।वह तो वक्त पर ही पता चलेगा।लेकिन जहाँ सपा,बसपा,कांग्रेस के प्रत्याशियों को सिंगल डोर प्रवेश मिलेगा।तो वहीं भजपा मे गेट पर भीड ज्यादा मिली तो वैक विन्डो भी भारी पड सकती है।यहां भाजपा जिला अध्यक्ष पद ब्राह्मण पर था। जो अब वैश्य समाज पर है।इस गणित मे ब्राह्मणों की मजबूत दावेदारी मानी जा रही है।ब्राह्मणों मे दिनेश बशिष्ठ तथा नरेन्द्र देव उपाध्याय की जडें सरकार एवं आर.एस.एस तक सीधी बताई जा रही है।तो मनोज पचौरी एवं सचिन उपाध्याय की भी धमक दिखाने की चर्चाऐं है। रामूभटेले और सुभाष शर्मा भी जोर अजमाइश मे लगे है।वैश्य समाज की शालिनी गुप्ता को पिछली बार जीता हुआ चुनाव हराने का आरोप सम्पूर्ण वैश्य समाज के साथ शहर के अन्य भाजपाइयों ने साँसद राजवीर सिंह (राजूभइया)पर लगाया था। चर्चा है कि साँसद द्वारा वैश्य समाज का चेयरमैन बनाने का भरोसा दिया था। वैश्य समाज का चेयरमैन यदि साँसद के सानिध्य मे बनेगा। तो साँसद के नजदीकियों पर लोग कयाश लगा रहे है।जिनमे पूर्व चेयरमैन कंचन गुप्ता ꖷअडंगाꖷ तथा नीलू जैन का नाम प्रमुख है।सूबे के मुखिया से नजदीकियाँ एड.पंकज गुप्ता पूर्व जिलाध्यक्ष की भी चर्चा मे है।प्रदीप भामाशाह की भी धमक लखनऊ दरवार मे वरकरार है।एड.राहुल गुप्ता भी सत्ता के कई सीर्शस्थो से सीधे बात करते है। प्रमोद गुप्ता ने भी काँग्रेस से भाजपा मे चेयरमेन बनने के प्रबल आस्वाशन पर पंजा फैंक, फूल गले मे लटकाया है। व संजय आडतिया भी अपनी तिकडम लगा रहे है।वारहसैनी समाज मे वीरेन्द्र वाष्णेय पुराने आर.एस.एस के मजबूत स्तम्भ बताये जाते है।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991
ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM